Postal Reg. No.GDP -45/2020-2022

अल्लाह तआला का आदेश

يٰٓاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا لَا تَتَّخِذُوا الَّذِيْنَ اتَّخَذُوْا دِيْنَكُمْ هُزُوًا وَّلَعِبًا مِّنَ الَّذِيْنَ اُوْتُوا الْكِتٰبَ مِنْ قَبْلِكُمْ وَالْكُفَّارَ اَوْلِيَآءَ ۚ وَاتَّقُوا اللّٰهَ اِنْ كُنْتُمْ مُّؤْمِنِيْنَ

(सूरत अन्निसा आयत : 174)

अनुवाद :हे वे लोगो जो ईमान लाए हो। उन लोगों में से जिन्हें तुम से पहले किताब दी गई उनको जिन्होंने तुम्हारे दीन को हंसी ठट्ठाऔर खेल तमाशा बना रखा है और कुफ़्फ़ार को अपना दोस्त न बनाओ और अल्लाह से डरो यदि तुम मोमिन हो।

वर्ष- 6
अंक- 44

मूल्य
575 रुपए
वार्षिक

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly
BADAR Qadian
HINDI

संपादक
शेख़ मुजाहिद
अहमद

उप संपादक
सय्यद मुहियुद्दीन
फ़रीद

28 रबीय्युल अव्वल 1443 हिज्री कमरी 14 इख़ा 1400 हिज्री शम्सी 4 नवम्बर 2021 ई.

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡمِ وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡد

وَلَقَدۡ نَصَرَکُمُ اللّٰہُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّۃٌ

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बिनस्रिहिल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दो लिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण आप पर अपना फ़जल नाज़िल करता रहे। आमीन

आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की नसीहतें

मांगने की निंदा और इस से बचने का प्रोत्साहन

(1480) हज़रत अबू हुरैरा रज़ियल्लाहु अन्हो रिवायत करते हैंकि नबी करीम अलैहिस्सलाम अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया : तुम में से कोई व्यक्ति अपनी रस्सी ले फिर सुबह को पहाड़ की तरफ़ निकल जाए और लकड़ियाँ इकट्ठी करे और उन को बेचे और खाए और सदक़ा भी करे। इसके लिए इस से बेहतर है कि लोगों से मांगे।

अपनी सदक़ा की हुई चीज़ को ख़रीदने की मनाही

(1489) हज़रत अब्दुल्लाह बिन उमर रज़ियल्लाहु अन्हो वर्णन करते थे कि हज़रत उमर बिन ख़त्ताब रज़ियल्लाहु अन्हो अल्लाह तआला के रास्ता में एक घोड़ा बतौर सदक़ा दिया। फिर उन्हों ने उसे बिकते हुए देखा और ख़रीदना चाहा। वह नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पास आए और आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से इजाज़त चाही। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया अपने सदक़ा को वापस न लो।

(बुख़ारी, भाग 3 किताब अल् ज़कात, प्रकाशन 2008 क़ादियान)

इन्सानी कमज़ोरी का तो कुछ ठिकाना ही नहीं है। वह एक क़दम भी ख़ुदा तआला के फ़ज़ल और समर्थन के बिना नहीं चल सकता।

फिर जब वह इतनी कमज़ोरियों का निशाना और सार है तो उसके लिए अमन और सुरक्षा का यही मार्ग है कि ख़ुदा तआला के साथ उसका मामला साफ़ हो।

उपदेश सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

ख़ुदा तआला पर भरोसा करने के अर्थ

जो लोग अपनी शक्ति पर भरोसा करते हैं और ख़ुदा तआला को छोड़ते हैं उनका अंजाम अच्छा नहीं होता। इसके यह अर्थ नहीं हैं कि हाथ पैर तोड़ कर बैठ रहने का नाम ख़ुदा पर भरोसा है। माध्यम से काम लेना और ख़ुदा तआला की प्रदान की शक्तियों को काम में लगाना यह भी ख़ुदा तआला का सम्मान है जो लोग इन शक्तियों से काम नहीं लेते और मुँह से कहते हैं कि हम ख़ुदा पर भरोसा करते हैं वे भी झूटे हैं। वे ख़ुदा तआला का सम्मान नहीं करते। ख़ुदा तआला को आज़माते हैं और उस की प्रदान की हुई शक्तियों और ताक़तों को व्यर्थ क़रार देते हैं और इस तरह पर इसके सम्मुख शोख़ी और अपमान करते हैं।اِيَّاكَ نَعۡبُدُ के अभिप्राय से दूर जा पड़ते हैं इस पर अनुकरण नहीं करते, औरاِيَّاكَ نَسۡتَعِيۡنُका प्रकटन चाहते हैं, यह उचित नहीं जहां तक संभव और ताक़त हो। माध्यमों की प्रयोग करे, परन्तु इन माध्यमों को अपना उपास्य और मुश्किल- दूर करने वाला क़रार न दे, बल्कि काम लेकर फिर अल्लाह तआला की तरफ लौटे और इस बात पर शुक्र के सिज्दे करे कि उसी ख़ुदा ने वे शक्तियां और ताक़तें उसको प्रदान फ़रमाई हैं।

अल्लाह तआला में फना पाने वाले का स्थान

ख़ुदा तआला के फ़ज़ल और समर्थन के बिना इन्सान कुछ भी नहीं कर सकता। जब अल्लाह तआला की तरफ़ इन्सान खिंचा जाता है और ख़ुदा तआला में फ़ना हो जाता है तो इससे वे काम होते हैं,जो ख़ुदा के काम कहलाते हैं। इस पर उच्च से उच्च नूर प्रकट होने लगते हैं। इन्सानी कमज़ोरी का तो कुछ ठिकाना ही नहीं है। वह एक क़दम भी ख़ुदा तआला के फ़ज़ल और समर्थन के बिना नहीं चल सकता। मैं तो यहां तक विश्वास रखता हूँ कि ख़ुदा तआला की तरफ़ से उसे मदद न मिले तो वह शौच इत्यादि के बाद नाला तक भी बाँधने की ताक़त नहीं रख सकता। तबीबों ने एक बीमारी लिखी है कि इन्सान छींक के साथ ही हलाक हो जाता है। निसन्देह याद रखो कि इन्सान कमज़ोरियों का सार है और इसी लिए ख़ुदा तआला ने फ़रमाया हैخُلِقَ الۡاِنۡسَانُ ضَعِيۡفًا (अन्निसा :29) इस का अपना तो कुछ भी नहीं है। सिर से पांव तक इतने अंग नहीं

शेष पृष्ठ 12 पर

यदि इन्सान का जीवन केवल इस दुनिया तक ख़त्म हो जाती है तो
मानों इस क़दर बड़ी दुनिया अल्लाह तआला ने केवल इस लिए पैदा की है कि
इन्सान इस में पैदा हो, कुछ दिन खाए पिए और फिर मर जाए और यह ख़्याल बिल्कुल बुद्धि के विपरीत है

सय्यदना हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु सूरत अल्-हिज्र आयत नम्बर : 86 وَمَا خَلَقۡنَا السَّمٰوٰتِ وَالۡاَرۡضَ وَمَا بَيۡنَهُمَاۤ اِلَّا بِالۡحَقِّ ؕ وَاِنَّ السَّاعَةَ لَاٰتِيَةٌ فَاصۡفَحِ الصَّفۡحَ الۡجَمِيۡلَ की तफ़सीर में फ़रमाते हैं :

अर्थात आसमान और ज़मीन की पैदाइश पर ग़ौर तो करो क्या वह बिना किसी उद्देश्य के नज़र आती है। इस कारख़ाना पर नज़र डालने से प्रत्येक अक़लमंद समझ सकता है कि इस क़दर बड़ा निज़ाम किस उद्देश्य से है और इस से नतीजा निकाल सकता है कि ساعة (प्रलय) अवश्य आने वाली है । ساعة (प्रलय) का शब्द क़ियामत के लिए भी इस्तिमाल होता है और इस वादे वाली निश्चित घड़ी के लिए भी जो नबियों के दुश्मनों की तबाही और उनके मानने वालों की तरक़्क़ी के लिए निर्धारित होती है। आयत का पहला हिस्सा दोनों ساعة के लिए बतौर दलील है। ज़मीन और समान की पैदाइश क़ियामत की भी दलील है और नबियों की सफ़लता और उनके दुश्मनों की तबाही की भी।

क़ियामत की इस तरह कि यदि इन्सान का जीवन केवल इस दुनिया तक ख़त्म हो जाता है तो मानों इस क़दर बड़ी दुनिया अल्लाह तआला ने केवल इस लिए पैदा की है कि इन्सान इस में पैदा हो कुछ दिन खाए पिए और फिर मर जाए और यह ख़्याल बिल्कुल बुद्धि के विपरीत है। इस क़दर बड़े निज़ाम का पैदा करना एक बहुत बड़े उद्देश्य के लिए ही हो सकता है और वह उद्देश्य पूरा होता इस दुनिया में ज़र नहीं आता। अत: आवश्यक है कि इन्सान का जीवन इसी संसारिक जीवन तक ख़त्म न हो बल्कि इस निज़ाम की अज़मत के अनुसार एक बड़े ज़माना तक चली जाए जिस में

शेष पृष्ठ 12 पर

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

प्रश्न उत्तर

सय्यदना हज़रत अमीरुल मौमिनीनन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़ से पूछे जाने वाले महत्वपूर्ण प्रश्नों के उत्तर (भाग-11)

जनाज़ा के साथ महिलाओं के क़ब्रिस्तान जाने, तदफ़ीन के वक़्त उनके मर्दों के पीछे खड़े होने या गाड़ियों में बैठे रहने के बारे में रहनुमाई, हदीस संकलन का तरीक़ा

एक महिला ने जनाज़ा के साथ महिलाओं के क़ब्रिस्तान जाने, तदफ़ीन के वक़्त उनके मर्दों के पीछे खड़े होने या गाड़ियों में बैठे रहने के बारे में हुज़ूर अनवर से मसला दरयाफ़त किया। इस का उत्तर देते हुए हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्त्रिहिल ने अपने पत्र तिथि 09 जून 2018 ई. में निमंलिखित इरशाद फ़रमाया हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया :

उत्तर : मुस्तनद हदीसों से पता चलता है कि आंहुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने साधारणत: महिलाओं को जनाज़ा के साथ क़ब्रिस्तान जाने से मना फ़रमाया है लेकिन इस बारे में महिलाओं पर बहुत ज़्यादा सख़्ती भी नहीं की गई और यदि किसी ख़ास वजह से कोई महिला जनाज़ा के साथ देखी गई तो इस से आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने दरगुज़र फ़रमाया।

ज़माना-ए-जाहिलीयत में मय्यत पर नोहा (मातम मनाने का तरीक, रोना पीटना) का बहुत ज़्यादा रिवाज था और ज़्यादा-तर नोहा महिलाएं ही किया करती थीं। इस्लाम ने नोहा को हराम क़रार दिया तो इसके साथ ही महिलों को भी साधारणत: मय्यत के साथ क़ब्रिस्तान जाने से मना कर दिया गया ताकि उनमें से कोई अपनी भावनाओं पर क़ाबू न रखते हुए तदफ़ीन के वक़्त रोना पीटने की सूरत पैदा न कर दे। उल्मा-ए-सलफ़ और फ़ुक़हा ने भी महिलाओं के जनाज़े के साथ जाने को नापसंदीदा क़रार दिया है।

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के पवित्र समय में और आपके बाद ख़ुलफ़ाए अहमदियत के ज़माना में साधारणत: यही तरीक़ रहा है कि जनाज़ा पढ़ते वक़्त महिलों को अलग इंतिज़ाम के साथ नमाज़ जनाज़ा में तो शामिल होने दिया जाता है लेकिन तदफ़ीन के वक़्त महिलों को जनाज़ा के साथ जाने की आज्ञा नहीं दी जाती।

अत: किसी ख़ास वजह के अतिरिक्त महिलों को जनाज़ा के साथ क़ब्रिस्तान नहीं जाना चाहिए, लेकिन यदि किसी मजबूरी के तहत महिलाओं को जनाज़ा के साथ क़ब्रिस्तान जाना पड़ जाए तो जैसा कि आपने अपने पत्र में लिखा है उन्हें तदफ़ीन के वक़्त अपनी गाड़ियों में ही बैठे रहना चाहिए और क़ब्र तैयार होने पर मर्दों के वहां से हट जाने के बाद यदि वे चाहें तो क़ब्र पर दुआ कर सकती हैं।

प्रश्न : एक दोस्त ने हुज़ूर अनवर की सेवा में हदीस सकलन की गंभीरता के बारे में कुछ रोशनी डालने का निवेदन किया। जिस पर हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़ ने अपने पत्र तिथि 29 जून 2018 ई. में इस प्रश्न का निमंलिखित उत्तर अता फ़रमाया। हुज़ूर अनवर ने फ़रमाया :

उत्तर : इस बारे में दो किस्म की रिवायात पुस्तकों हदीसों में मौजूद हैं। एक में كِتَابَ اللهِ وَعِتْرَتِي أَهْلَ تَابَ اللهِ وَسُنَّةَ نَبِيِّهِ के शब्द आए हैं और दूसरी में بَيْتِيك के शब्द आए हैं।

كِتَابَ اللهِ وَسُنَّةَ نَبِيِّه ِ वाली रिवायात सिक़ा और मुस्तनद हैं। क़ुरआन-ए-करीम वास्तव में ख़ुदा तआला का कलाम और हज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की सुन्नत इस कलाम की अमली तफ़सीर है, जो दोनों लाज़िम-ओ-मल्ज़ूम और हर किस्म के ज़न से पवित्र हैं और यही वे दो चीज़ें हैं जिनको मज़बूती से थामने (अर्थात उनके आदेशों पर अमल करने वाले) कभी गुमराह नहीं हो सकते। हज़रत अनस बिन मालिक रज़ियल्लाहु अन्हो ने अपनी मौता में इसे दर्ज किया है।

जबकि وَعِتْرَتِي أَهْلَ بَيْتِي वाली रिवायात को जबकि सहा सित्ता में से कुछ पुस्तकों ने रिवायत किया है लेकिन इमाम बुख़ारी ने उसे अपनी सही में दर्ज नहीं किया। उलमाए हदीस ने इन रिवायात पर रिवायतन और दिरायातन बहुत कलाम किया है। तथा अस्मा उर्रिजाल की पुस्तकों में इन रिवायात के रावियों पर बहुत ज़्यादा जरह की गई है और साबित किया गया है कि उनकी अस्नाद में ज़रूर कोई न कोई ऐसा रावी है जिसकी हमदर्दियाँ अहल-ए-तशीअ के साथ थीं।

इन रिवायात के एक रावी हज़रत ज़ैद बिन अर्कम रज़ियल्लाहु अन्हो का अपना वर्णन काबिल-ए-ग़ौर है कि मैं बूढ़ा हो गया हूँ और बहुत कुछ जो मैंने हज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से सुना था भूल चुका हूँ।

इन रिवायात के एक रावी हज़रत जाबिर बिन अब्दुल्लाह रज़ियल्लाहु अन्हो हैं। उनसे मर्वी एक संक्षिप्त रिवायत जो सही मुस्लिम और सुंन तिरमिज़ी ने दर्ज की है इस में كِتَابَ اللهِ وَعِتْرَتِي أَهْلَ بَيْتِي के शब्द वर्णन हुए हैं लेकिन हज़रत जाबिर बिन अब्दुल्लाह रज़ियल्लाहु अन्हो से यही रिवायत जब तफ़सील के साथ सही मुस्लिम, सुंन इब्ने माजा ने दर्ज की तो उनमें कहीं وَعِتْرَتِي أَهْلَ بَيْتِي के शब्द दर्ज नहीं किए बल्कि केवल كِتَابَ اللهِ के शब्द रिवायत किए हैं।

अत: मौता इमाम मालिक, सही मुस्लिम, सुंन अबी दाऊद और सुंन इब्ने माजा इत्यादि की केवल वे रिवायात काबिल-ए-एतिमाद और रिवायतन और दिरायातन काबिल-ए-स्वीकार हैं जिनमें अल्लाह की पुस्तक को मज़बूती से थामे रखने का वर्णन है या अल्लाह की पुस्तक और हज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की सुन्नत पर चलने का वर्णन किया गया है। और बाक़ी सब ऐसी रिवायात जिनमें अल्लाह की पुस्तक के साथ أَهْلَ بَيْتِي يا وَعِتْرَتِي أَهْلَ بَيْتِي के शब्द आए हैं, वह जैसा कि उलमाए हदीस और माहिरीन अस्मा उर्रिजाल ने वर्णन किया है, काबिल-ए-स्वीकार नहीं हैं।

प्रश्न : एक दोस्त ने हदीस الصَّلَاةُ الْمَكْتُوْبَةُ وَاجِبَةٌ خَلْفَ كُلِّ مُسْلِمٍ بَرًّا كَانَ أَوْ فَاجِرًا وَإِنْ عَمِلَ الْكَبَائِرَ (सुंन अबी दाऊद किताबुस स्सलात) की रोशनी में दरयाफ़त किया है कि लोगों जमाअत के लिए किसी ग़ैर अहमदी के पीछे नमाज़ पढ़ना क्यों दरुस्त नहीं? इस प्रश्न का उत्तर अता फ़रमाते हुए हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़ ने अपने पत्र तिथि 05 अक्तूबर 2018 ई. में फ़रमाया :

उत्तर : यह एक मुकम्मल हदीस सुंन अबी दाऊद पुस्तक अल्जिहाद में इस तरह दर्ज है :

عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ قَالَ قَالَ رَسُولُ اللهِ صَلَّى اللهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ الْجِهَادُ وَاجِبٌ عَلَيْكُمْ مَعَ كُلِّ أَمِيْرٍ بَرًّا كَانَ أَوْ فَاجِرًا وَالصَّلَاةُ وَاجِبَةٌ عَلَيْكُمْ خَلْفَ كُلِّ مُسْلِمٍ بَرًّا كَانَ أَوْ فَاجِرًا وَإِنْ عَمِلَ الْكَبَائِرَ وَالصَّلَاةُ وَاجِبَةٌ عَلَى كُلِّ مُسْلِمٍ بَرًّا كَانَ أَوْ فَاجِرًا وَإِنْ عَمِلَ الْكَبَائِرَ۔

इसलिए इस में केवल नमाज़ पढ़ने के बारे में इरशाद नहीं फ़रमाया बल्कि इस के साथ यह भी फ़रमाया है कि हर अमीर के नेतृत्व में जिहाद करो और हर मुस्लमान की नमाज़ जनाज़ा अदा करो लेकिन आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की अपनी सुन्नत इस से विभिन्न है क्योंकि हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने न मक़रूज़ की, न ख़ियानत करने वाले की और न ही ख़ुदकुशी करने वाले की नमाज़ जनाज़ा स्वयं पढ़ी।

इसी लिए उलमाए हदीस ने इस हदीस की सेहत पर कलाम किया है और इस रिवायत की सनद पर कई आपत्तियां उठाई हैं।

अतिरिक्त इसके हदीस की पुस्तकों में हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम का यह इरशाद भी मौजूद है कि ''لَا يَؤُمَّنَّكُمْ ذُوْ جُرْأَةٍ فِي دِيْنِهِ'' अर्थात कोई ऐसा व्यक्ति जो अपने दीन में बे-बाक हो गया हो या दीन के आदेशों का ख़्याल नहीं रखता हो वह तुम्हारी इमामत कदापि न करवाए।

इमामत के हवाला से सबसे बढ़कर वह हदीस है जिसमें आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने आने वाले मसीह मौऊद के बारे में फ़रमाया है कि وَإِمَامُكُمْ مِنْكُمْ अर्थात उस वक़्त तुम्हारा इमाम तुम में से ही होगा। और यह हदीस की पुस्तकों हदीसों की सबसे मुस्तनद पुस्तकों बुख़ारी और मुस्लिम दोनों में है।

हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने इस हदीस में फ़रमाया है कि फ़ासिक़, फ़ाजिर के पीछे नमाज़ पढ़ो, यह नहीं फ़रमाया कि मुकफ़्फ़िर और मुकज़्ज़िब के पीछे नमाज़ पढ़ो। अत: यदि इस हदीस को सही मान भी लिया जाए तो इस का अर्थ केवल यह होगा कि हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम वास्तव में हमें एक

शेष पृष्ठ 9 पर

ख़ुत्बः जुमअः

हे इस्लमा वालों निसंदेह अल्लाह ने तुम से अपना वादा सच्चा कर दिखाया है और उसने दुश्मनों के ख़िलाफ़ तुम्हारी मदद की है और तुम्हें इन देशों का वारिस बना दिया है

और तुम्हें ज़मीन में गौरव प्रदान किया है, अतः तुम्हें अपने रब की नेअमतों पर शुक्र बजा लाना चाहिए, तुम लोग न-फ़रमानी वाले कामों से दूर रहो क्योंकि न-फ़रमानी वाले काम नेअमतों की नाशुक्री है और बहुत कम ऐसा हुआ है कि अल्लाह किसी क़ौम पर इनाम करे और वे नाशुक्री करें फिर वे जल्द तौबा न करें परन्तु ज़रूर उनकी इज़्ज़त खत्म कर दी जाती है

और उन पर उनके दुश्मनों को मुसल्लत कर दिया जाता है, ख़ुदा ने हम को जो इज़्ज़त दी है वह इस्लाम की इज़्ज़त है और हमारे लिए यही काफ़ी है (हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो)

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के महान ख़लीफ़ा राशिद फ़ारुके आज़म हज़रत उमर बिन खत्ताब रज़ियल्लाहु अन्हो की विशेषताओं और गुणों का वर्णन

हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो की यात्रा ईलिया, बैतुल-मुक़द्दस की विजय और हरक़्ल की जानिब से हम्स के घेराव और उस के निवारण का विस्तारपूर्वक वर्णन

तीन मरहूमीन आदरणीय चौधरी सईद अहमद लखन साहिब (रिटायर्ड स्टेशन मास्टर हाल मुक़ीम कैनेडा), आदरणीय शाहाबुद्दीन साहिब (नायब नैशनल अमीर बंगलादेश) और अर्जनटाइन के आरंभिक स्थानीय अहमदी आदरणीय राऊल अब्दुल्लाह साहिब का ज़िक्र-ए-ख़ैर और नमाज़ इजनाज़ा ग़ायब

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 24 सितम्बर 2021 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिर्रे (यू.के)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَ رَسُوْلُهٗ۔ أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِالْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَاالضَّآلِّيْنَ

हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो के ज़माने का वर्णन हो रहा था। आज उसी अनुक्रम में बैतुल-मुक़द्दस की फ़तह जो पंद्रह हिज्री में हुई इसका वर्णन होगा। हज़रत अम्र बिन आस रज़ियल्लाहु अन्हो की क़ियादत में इस्लामी लश्कर ने बैतुल-मुक़द्दस का घेराव कर लिया तो हज़रत अबू उबेदा रज़ियल्लाहु अन्हो का लश्कर भी उनसे जा मिला। ईसाइयों ने क़िला बन्दी से तंग आकर सुलह की पेशकश की लेकिन शर्त यह रखी कि ख़ुद हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो आ कर सुलह का अनुबंध करें। हज़रत अबू उबेदा रज़ियल्लाहु अन्हों ने हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो को इस की सूचना दी। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने सहाबा से मश्वरा किया तो हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हो ने जाने का मश्वरा दिया। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने उनकी राय को पसंद किया। फिर हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हो को मदीना का अमीर निर्धारित फ़रमाया। एक दूसरी रिवायत में है कि आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हो को अमीर निर्धारित फ़रमाया था। इसके बाद आप रज़ियल्लाहु अन्हु बैतुल-मुक़द्दस के लिए रवाना हो गए। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो का यह सफ़र कोई मामूली सफ़र नहीं था। इस का उद्देश्य दुश्मनों के दिलों पर इस्लामी रोब और दबदबा बिठाना था लेकिन जब आप रवाना हुए तो रवायात में है कि दुनियावी बादशाहों की तरह न तो उनके साथ कोई नगाड़ा था न कोई लाओ लश्कर था यहां तक कि एक मामूली सा ख़ेमा भी साथ नहीं था। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो एक घोड़े पर सवार थे और कुछ साथी मुहाजिरीन और अंसार में से थे। एक रिवायत में है कि हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो के साथ केवल उनका एक ग़ुलाम, खाने के लिए कुछ सत्तू और एक लक्कड़ी का पियाला था और ऊंट पर सवार थे लेकिन इस के बावजूद जहां भी यह ख़बर पहुँचती कि हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने मदीना से बैतुल-मुक़द्दस का इरादा किया है तो ज़मीन काँप उठती थी।

(उद्धरित तारीख़ इब्ने खुलदून अनुवादक भाग 3 हिस्सा प्रथम पृष्ठ 207 प्रकाशन दारुल इशात कराची 2009 ई.)

इस बात की वज़ाहत में यह एक सफ़र का मुख़्तसर-सा हाल वर्णन किया गया है लेकिन इस में तफ़सील नहीं है। बहरहाल ईलिया एक शहर था जिसमें बैतुल-मुक़द्दस मौजूद है, इस का घेराव किस ने किया था और किस ने हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो की ख़िदमत में बैतुल-मुक़द्दस तशरीफ़ लाने का निवेदन किया था? इस बारे में तिब्री में लिखा है कि हज़रत अम्र बिन आस रज़ियल्लाहु अन्हो ने हज़रत उमर बिन ख़त्ताब रज़ियल्लाहु अन्हो को ख़त भेजा जिसमें उनसे सहायता भिजवाने का निवेदन किया। इस में हज़रत अम्र रज़ियल्लाहु अन्हो ने ये तजवीज़ किया था कि मुझे इंतिहाई घमसान की जंगें दरपेश हैं और कई शहर हैं जिनसे जंगें अभी बाक़ी हैं। आप रज़ियल्लाहु अन्हु के इरशाद का मुंतज़िर हूँ। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो के पास हज़रत अम्र बिन आस रज़ियल्लाहु अन्हो का यह ख़त पहुंचा तो आप रज़ियल्लाहु अन्हु समझ गए कि हज़रत अम्र रज़ियल्लाहु अन्हो ने यह बात पूरी मालूमात के बाद ही लिखी होगी। फिर हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने लोगों में अपने सफ़र की मुनादी करा दी और सफ़र के लिए कूच किया। (उद्धरित तारीख़ तिब्री भाग 2 हिस्सा दोम, पृष्ठ 804 प्रकाशन दारुल इशात कराची 2004 ई.)

तिब्री में हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो की शाम में तशरीफ़ आवरी के सम्बन्ध में साथ ही ये भी लिखा है कि इस का कारण वास्तव यह पेश आया था कि हज़रत अबू उबेदा रज़ियल्लाहु अन्हो बैतुल-मुक़द्दस पहुंचे तो वहां के लोगों ने उनसे शाम के अन्य शहरों के सुलह के मु'आहदात के अनुसार सुलह करनी चाही और उनकी ख़ाहिश यह भी थी कि इस सुलह के अनुबंध में मुस्लमानों की तरफ़ से सरबराह की हैसियत से हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो भी शिरकत करें। हज़रत अबू उबेदा रज़ियल्लाहु अन्हों हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो की ख़िदमत में यह लिखा तो हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो मदीना से रवाना हो गए। (तारीख़ तिब्री भाग 2 पृष्ठ 449 प्रकाशन दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत 2012 ई.) (मौअज्मुल बुल्दान भाग अव्वल पृष्ठ 348 दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत)

लेकिन हज़रत अबू उबेदा रज़ियल्लाहु अन्हो की रिवायत पर कुछ इतिहासकारों को तसल्ली नहीं है। मुहम्मद हुसैन हैकल इस हवाले से तहरीर करते हैं कि यह भी ज़रूरी है कि हम इस रिवायत को हक़ीक़त से बईद समझें जिसका वर्णन यह है कि हज़रत ख़ालिद बिन वलीद रज़ियल्लाहु अन्हो या हज़रत अबू उबैदा बिन जराह रज़ियल्लाहु अन्हो ने तन्हा या मुशतर्का तौर पर बैतुल-मुक़द्दस का घेराव किया जैसा कि तिब्री, इब्न-ए-असीर और इब्ने अक्सीर इत्यादि नक़ल करते हैं। तिब्री की रिवायत है कि कहा जाता है कि हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो के शाम आने की वजह यह थी कि हज़रत अबू उबेदा रज़ियल्लाहु अन्हो ने बैतुल-मुक़द्दस का घेराव किया तो शहर वालों ने, शाम के दूसरे इलाक़ों के लोगों से जो सुलह हो चुकी थी इन्ही शर्तों पर उन्हें सुलह का निवेदन किया परन्तु इस में इतनी शर्त और बढ़ाई कि हज़रत उमर बिन ख़त्ताब रज़ियल्लाहु अन्हो ख़ुद तशरीफ़ ला कर सुलह की तकमील करें। हज़रत अबू उबेदा रज़ियल्लाहु अन्हो ने इस की सूचना ख़िलाफ़त के दरबार में इरसाल की और हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो मदीना से रवाना हो गए। यह लिखते हैं कि इस रिवायत को हम खिलाफ-ए-हक़ीक़त समझते हैं कि बैतुल-मुक़द्दस के घेराव के समय हज़रत अबू उबेदा रज़ियल्लाहु अन्हो और हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हो हिम्ज़, हलब, अन्ताकिया और इसके आस-पास के शहरों में फ़ुतूहात में व्यस्त थे और हरक़्ल उनके बिलमुक़ाबिल रुहा स्थान में बैठा लश्कर जमा कर रहा था कि

उन्हें उल्टे पांव वापस होने पर मजबूर कर दे। ये समस्त घटनाएँ भी बैतुल-मुक़द्दस के घेराव की सन् 15 हिज्री अनुसार सन् 636 इं. की हैं और यह लिखते हैं कि उनके नज़दीक यह सही है कि बैतुल-मुक़द्दस का घेराव इसी सन् में कई महीने तक जारी रहा जिस सन् में ये दोनों सिपहसालार शाम के इंतिहा में बढ़ते चले जा रहे थे यहां तक कि उन्होंने हरक़्ल को अपने दारुल सल्तनत में पनाह लेने पर मजबूर कर दिया था। ऐसी सूरत में कि वे दोनों इधर व्यस्त थे, यह कहना कि उनमें से किसी एक या दोनों ने बैतुल-मुक़द्दस का घेराव किया एक ऐसी बात है जो किसी तरह नहीं बनती। इसलिए नाक़ाबिल-ए-क़बूल क़रार देना पड़ता है। अब केवल यह एक रिवायत और बाक़ी रह जाती है और तिब्री ने भी पहले उस के बारे में लिखा है कि बैतुल-मुक़द्दस का घेराव हज़रत अम्र बिन आस रज़ियल्लाहु अन्हो ने किया था जो तवील मुद्दत तक जारी रहा और बैतुल-मुक़द्दस वालों ने बड़े जोश और बड़ी शिद्दत से मुस्लमानों का मुक़ाबला किया और यही रिवायत हमारी राय में सही है। इसलिए कि यह इस समानता से इत्तिफ़ाक़ रखती है अर्थात जो मुक़ाबला हो रहा था इस से ज़ाहिर होता है जो कि बैतुल-मुक़द्दस ने विभिन्न ज़मानों में हर हमला-आवर के मुक़ाबले में ज़ाहिर की।

(उद्धरित हज़रत उमर फ़ारूक़ आज़म रज़ियल्लाहु अन्हो अज़ मुहम्मद हुसैन हैकल पृष्ठ365-366 प्रकाशन इस्लामी पुस्तकों ख़ाना लाहौर

मुहम्मद हुसैन हैकल मज़ीद लिखता है कि "ताज्जुब है कि हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो महिज़ सुलह की तकमील और अहदनामे की तस्वीत" अर्थात लागू करने "के लिए लश्कर के साथ तशरीफ़ ले जाते हैं और इसी तरह ताज्जुब है कि बैतुल-मुक़द्दस वाले अनुबंध की तकमील के लिए हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो के मदीना से तशरीफ़ लाने की मांग करते हैं हालाँकि जानते हैं कि यदि मदीना से कोई क़ाफ़िला लगातार सफ़र करके उनकी तरफ़ आए तो पूरे तीन हफ़्ते लगेंगे। इस लिए "यह कहता है कि'' मेरे नज़दीक सही यह है कि घेराव की तवालत और हज़रत अम्र बिन आस रज़ियल्लाहु अन्हो के इन पत्रों से जिनमें दुश्मन की ताक़त का वर्णन करके मदद तलब की गई थी हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो का पैमाना सब्र से भर गया था। इसलिए जब उनसे नई सहायता तलब की गई तो उस के साथ हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो भी रवाना हो गए और जाबिया में क़ियाम फ़रमाया जो शाम के रेगिस्तान और सरज़मीन-ए-अरदन के मध्य वाक़्य है। इस दौरान हज़रत अबू उबेदा रज़ियल्लाहु अन्हो और हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हो हिम्ज़ शाम की फ़तह से फ़ारिग़ हो चुके थे। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने इन दोनों को हुक्म भेजा कि जाबिया में आकर मिलें ताकि हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो उनसे और फ़ौज के दूसरे सरदारों से मश्वरे के बाद बैतुल-मुक़द्दस की मुहिम पार करने की कोई मुफ़ीद राह तलाश कर सकें। अत्राबून और सफ़रे नियूस को हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु की तशरीफ़ आवरी का इलम हुआ।"

यहां नामों का मतभेद है। अरबी पुस्तकों में यह नाम अर्तबून लिखा है लेकिन हैकल के नज़दीक वह दरुस्त नहीं है इस की तहक़ीक़ के अनुसार नाम अत्रबून है और सफरो नियूस का नाम अरबी पुस्तकों में सफरो नियूस लिखा है।

बहरहाल यह कहते हैं कि हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने कोई रस्ता तलाश करने के लिए कि क्या स्ट्रैटजी (strategy) बनाई है इसके लिए इकट्ठा किया था। "हज़रत अबू उबेदा रज़ियल्लाहु अन्हो और हज़रत ख़ालिद रज़ियल्लाहु अन्हो हिम्ज़ के हाथों शाम पर जो बीती थी उसकी भी सूचना मिली तो उन्होंने समझ लिया'' अर्थात इन दो सरदारों ने जो दुश्मनों के थे'' कि बैतुल-मुक़द्दस की मुक़ावमत अब ज़्यादा देर क़ायम नहीं रह सकती।" अर्थात मज़ीद मुक़ाबला मुश्किल है'' इसलिए अत्रबून तो कुछ फ़ौज लेकर चुपके से मिस्र खिसक गया और बूढ़े पादरी ने अपनी निजात की तरफ़ से संतुष्ट हो कर मुस्लमानों से सुलह की गुफ़्तगु शुरू कर दी और चूँकि उसे यह मालूम था कि अमीरुल मौमेनीन रज़ियल्लाहु अन्हो जाबिया में इक़ामत फ़र्मा हैं" जाबिया तक आ चुके हैं "इस लिए यह शर्त लगा दी कि सुलह का अनुबंध लिखने के लिए वह स्वयं तशरीफ़ लाएंगे। जाबिया और बैतुल-मुक़द्दस में इतना फ़ासिला नहीं था कि सफ़रे नीयूस की इस दरख़ास्त के उत्तर में उज्र पेश कर दिया जाता।" तो यह कहते हैं कि "यह है वह बात जिसे मैं सही समझता हूँ और जो शाम और फिलिस्तीन पर हमले के सम्बन्ध में घटनाओं के सिलसिले में तारीख़ी सियाक़-ओ-सबाक़ के अनुसार है।"

(हज़रत उमर फ़ारूक़ आज़म रज़ियल्लाहु अन्हो अज़ मुहम्मद हुसैन हैकल अनुवादक पृष्ठ 358-368 प्रकाशन इस्लामी क़ुतुब ख़ाना लाहौर) (तारीख़ खुलफ़ा-ए-राशेदीन الفتوحات والإنجازات السياسية पृष्ठ 279 अज़ मकतब अल्-शामला)

बहरहाल इन पत्रों के मिलने के बाद हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो की क्या मशवरा हुआ? इस बारे में लिखा है कि पत्रों के मिलने के बाद हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने समस्त सम्मानित सहाबा को जमा किया और मशवरा किया। हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हों ने राय दी कि ईसाई भयभीत और दिल छोड़ चुके हैं। आप रज़ियल्लाहु अन्हु की दरख़ास्त को रद्द कर दें तो उनको और भी ज़िल्लत होगी और यह समझ कर कि मुस्लमान उनको बिल्कुल तुच्छ समझते हैं बग़ैर शर्त के हथियार डाल देंगे लेकिन हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हो ने इस के ख़िलाफ़ राय दी और हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो को ईलिया जाने का मश्वरा दिया और कहा कि मुस्लमानों ने सर्दी, जंग और लंबे क़ियाम की ग़ैरमामूली कठिनाई बर्दाश्त की है। यदि आप रज़ियल्लाहु अन्हु तशरीफ़ ले जाऐंगे तो इस में आप रज़ियल्लाहु अन्हु के और मुस्लमानों के लिए अमन और आफ़ियत और बेहतरी है लेकिन यदि आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने उन्हें अपनी और सुलह की तरफ़ से मायूस कर दिया तो यह बात आप रज़ियल्लाहु अन्हु के हक़ में अच्छी साबित नहीं होगी। दुश्मन तो क़िला बंद हो कर बैठा रहेंगे और उन्हें अपने मुल्क और रूमी बादशाह की तरफ़ से सहायता पहुंच जाएगी खासतौर पर इसलिए कि बैतुल-मुक़द्दस उनके नज़दीक बड़ी अज़मत रखता है और उनकी ज़यारत गाह है। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हो की राय को पसंद और क़बूल फ़रमाया। (उद्धरित अल् फ़ारूक़ अज़ शिबली नुमानी पृष्ठ 124 इदारा इस्लामियात 2004 ई.)(उद्धरित हज़रत अमर फ़ारूक रज़ियल्लाहु अन्हो अज़ मुहम्मद हुसैन हैकल अनुवादक पृष्ठ 369 प्रकाशन इस्लामी कुतुबखाना लाहौर)

इस यात्रा में हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो के साथ अन्य मुहाजिरीन और अंसार के अतिरिक्त हज़रत अब्बास बिन अब्दुल मुत्लिब रज़ियल्लाहु अन्हो भी थे। इस सफ़र के सम्बन्ध में एक रिवायत मिलती है कि अबू सईद मुकरबी रज़ियल्लाहु अन्हो से रिवायत है कि हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो अपने इस सफ़र में सुबह की नमाज़ पढ़ने के बाद अपने साथियों के लिए तशरीफ़ फ़र्मा होते और उनकी तरफ़ अपना रुख करते। फिर कहते हर किस्म की प्रशंसा अल्लाह तआला के लिए है जिसने हमें इस्लाम और ईमान के माध्यम इज़्ज़त बख़शी और मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के माध्यम से हमें शरफ़ बख़्शा और हमें आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के माध्यम से गुमराही से हिदायत फ़रमाई और गिरोहों में तक़सीम के विपरीत हमें इकट्ठा किया और हमारे दिलों में प्रेम पैदा किया और दुश्मनों के समक्ष आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के माध्यम से हमारी नुसरत फ़रमाई और हमें विभिन्न शहरों में मुतमक्किन किया और आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के माध्यम से हमें आपस में मुहब्बत करने वाला भाई भाई बना दिया। अत: तुम लोग इन नेअमतों पर अल्लाह तआला की प्रशंसा वर्णन करो और इस से मज़ीद मदद तलब करो और उन नेअमतों पर अल्लाह से शुक्र की तौफ़ीक़ माँगो और वे नेअमतें जिनमें तुम चलते फिरते हो उनके सम्बन्ध में अल्लाह तआला से दुआ माँगो कि वे तुम पर उन्हें पूरा कर दे क्योंकि अल्लाह तआला अपनी जानिब रग़बत चाहता है और वह शुक्र गुज़ारों पर अपनी नेअमतों को मुकम्मल करता है। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु ने इस सफ़र के दौरान प्रारम्भ से लेकर वापस तशरीफ़ लाने तक इस कथन को हर सुबह कहते रहे और उसे तर्क छोड़ा नहीं। (अल इक्तेफ़ा बिमा तज़मिनामिन मगाज़ी रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम स्लास्ता खुल्फ़ा भाग 2 पृष्ठ 292-293 आलेमुल क़ुतुब बेरूत 1997 ई.) अर्थात यही एक ही संदेश प्रतिदिन देते थे।

मुस्लमान सरदारों को सूचना दी जा चुकी थी कि जाबिया में आकर उनसे मिलें। सूचना के अनुसार यज़ीद बिन अबी सुफियान रज़ियल्लाहु अन्हो और ख़ालिद बिन वलीद रज़ियल्लाहु अन्हो इत्यादि ने यहीं स्वागत किया। शाम में रह कर उन अफ़सरों में अरब की सादगी बाक़ी नहीं रही थी। इसलिए हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो के सामने ये लोग आए तो इस रूप से आए कि शरीर पर हरीर और दिबाज की चिकनी और पुर-तकल्लुफ़ क़बाएँ थीं और ज़रक़-बरक़ वस्त्र और ज़ाहिरी शान-ओ-शौकत से अजमी मालूम होते थे। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो को सख़्त ग़ुस्सा आया। घोड़े से उतर पड़े और पत्थरों के टुकड़े उठा कर उनकी तरफ़ फेंके कि इस क़दर जल्द तुमने अजमी आदतें इख़तियार कर लीं। इन लोगों ने अर्ज़ किया कि क़बाओं के नीचे हथियार हैं अर्थात सिपहगरी का जोहर उन्होंने हाथ से नहीं दिया। फिर हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने फ़रमाया कि यदि यह बात है तो ठीक है।

(उद्धरित फ़ारूक़ अज़ शिबली नुमानी पृष्ठ 124 इदारा इस्लामियात 2004 ई.)

कि ज़ाहिरी रख-रखाव तुमने उन लोगों को दिखाने के लिए किया है और अंदर

से तुम्हारा हुल्या अरबों वाला ही है (तो ठीक है)। एक रिवायत में वर्णित है कि यज़ीद बिन अबी सुफ़ियान ने अर्ज़ किया। हे अमीरुल मोमेनीन हमारे पास कपड़े और सवारियां बहुत हैं और हमारे हाँ ज़िंदगी बहुत उम्दा है और माल बहुत सस्ता है और मुस्लमानों का वह हाल है जिसे आप रज़ियल्लाहु अन्हु पसनद फ़रमाते हैं। यदि आप रज़ियल्लाहु अन्हु सफ़ैद कपड़े पहनें और उन अच्छी सवारियों पर सवार हों और इस बहुत अत्याधिकत अनाज और गल्ला में से मुस्लमानों को खाने के लिए दें तो ऐसा करना प्रसिद्धि का कारण होगा और उमूर-ए-सलतनत की अदायगी में आपके लिए अत्याधिकत ज़ीनत का कारण होगा और अजमियों के नज़दीक आपकी अत्याधिकत अज़मत का कारण होगा। इस पर हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने फ़रमाया हे यज़ीद! नहीं। अल्लाह की क़सम! मैं इस हैयत और हालत को तर्क नहीं करूँगा जिस पर मैंने अपने दोनों साथियों को छोड़ा था अर्थात आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम और हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हु। जिस तरह मैं उनके साथ रहा था उसी हाल में रहूँगा और मैं लोगों के लिए ज़ीनत और सुन्दरता नहीं इख़तियार करूँगा क्योंकि मैं डरता हूँ कि कहीं ऐसा करना मुझे मेरे रब के हाँ बुरा न कर दे और मैं नहीं चाहता कि लोगों के पास तो मेरा मामला अज़मत इख़तियार कर जाए और अल्लाह के हुज़ूर बहुत छोटा हो जाए। अत: हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो उसी हालत पर क़ायम रहे जिस पर रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम और हज़रत अबू बकर रज़ियल्लाहु अन्हो की ज़िंदगी में थे यहां तक कि वह दुनिया से कूच कर गए। (अल इक्तेफ़ा बिमा तज़मन मिन मगाज़ी रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम वस्सलासा खुल्फ़ा भाग 2 भाग प्रथम पृष्ठ 295 आलेमुल क़ुतुब बेरूत 1997 ई.)

मुस्लमानों और ईसाइयों के मध्य सुलह नामा किस तरह हुआ? ईलिया वालों के नज़दीक अनुबंध कहाँ हुआ था? इस के सम्बन्ध में अक्सर इतिहासकारों ने लिखा है कि जाबिया के स्थान पर ईसाइयों और मुस्लमानों के मध्य सुलह का अनुबंध तै पाया था। लिखा है कि जाबिया में क़ियाम के दौरान हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो फ़ौज के हलक़े में बैठे थे कि अचानक कुछ सवार नज़र आए जो घोड़े दौड़ाते हुए आ रहे थे और उनकी तलवारें चमक रही थीं। मुस्लमानों ने तुरंत हथियार सँभाल लिए। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने पूछा कि क्या बात है? लोगों ने सवारों की तरफ़ इशारा किया तो फ़रमाया : घबराओ नहीं ये लोग अमान तलब करने आए हैं। ये लोग ईलिया के बाशिंदे थे। आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने उन्हें सुलह नामा लिख कर दिया।

(उद्धरित तारीख़ तिब्री भाग 2 हिस्सा दोम पृष्ठ 369-370 नफ़ीस एकेडेमी कराची 2004 ई.)(उद्धरित अल् फ़ारूक़ अज़ शिबली नुमानी पृष्ठ 125 इदारा इस्लामियात 2004 ई.)

फिर एक रिवायत है। अल्लामा बलाज़री और मुहम्मद हुसैन हैकल ने यह लिखा है कि सुलह का अनुबंध जाबिया के बजाय ईलिया में हुआ था जबकि मुहम्मद हुसैन हैकल ने अपनी किताब में दूसरी जगह यह भी लिखा है कि अनुबंध जाबिया में हुआ था।

(उद्धरित हज़रत उमर फ़ारूक़ आज़म रज़ियल्लाहु अन्हो अज़ मुहम्मद हुसैन हैकल अनुवादक पृष्ठ 368 - 371प्रकाशन इस्लामी पुस्तक ख़ाना लाहौर) (फ़ुतूहुल बुल्दान पृष्ठ 88 दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत)

मुस्लमानों और ईलिया वालों के मध्य जो सुलह नामा हुआ उस की तहरीर तारीख़ तिब्री में इस प्रकार दर्ज है।

बिस्मिल्ला हिर्रहमान निर्रहीम। यह वह अमान है जो अल्लाह के बंदे अमीरुल मोमेनीन उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने ईलिया वालों को दी है। उनकी जान, माल, गरजे, सलीब, बीमार, तंदरुस्त और उनकी सारी क़ौम को अमान दी जाती है। कोई भी उनके गिरजा-घरों में क़ियाम नहीं करेगा और न वे गिराए जाऐंगे। न उनके गिरजा-घरों के अहातों में कुछ कमी की जाएगी और न उनकी सलीब को नुक़्सान पहुंचाया जाएगा और न उनके अम्वाल को नुक़्सान पहुंचाया जाएगा। और उनसे दीन के मुआमले में कोई जबर नहीं किया जाएगा और उनमें से किसी को तकलीफ़ नहीं पहुंचाई जाएगी और ईलिया में उनके साथ कोई भी यहूदी नहीं रह सकेगा और ईलिया वालों पर यह फ़र्ज़ है कि वे दूसरे शहरों के लोगों की तरह जिज़्या (इस्लामी हुकूमत में रहने वाले अन्य धर्मावलम्बियों पर लगने वाला कर जो उनकी जीवन और संपत्ति की सुरक्षा के लिए लिया जाए) दें। उनको चाहिए कि वे रोमियों और फ़सादियों को ईलिया में से निकाल दें। अत: जो उन में से निकलेगा तो उस की धन संपत्ति को अमन है यहां तक कि वह अपने महफ़ूज़ स्थान तक पहुंच जाए। और जो व्यक्ति उनमें से ईलिया में रहना चाहे तो वह अमन में है और इस को ईलिया वालों की तरह जिज़्या (इस्लामी हुकूमत में रहने वाले अन्य धर्मावलम्बियों पर लगने वाला कर जो उनकी जीवन और संपत्ति की सुरक्षा के लिए लिया जाए) देना होगा और ईलिया वालों में से जो व्यक्ति अपनी जान और माल लेकर रोमियों की तरफ़ जाना चाहे और वह अपनी इबादत-गाहों और सलीबों को छोड़कर चले जाएं तो उनकी जानें और उनकी इबादत के स्थान, उनकी सलीबें अमान में हैं। (छोड़ भी जाओगे तो कुछ नहीं किया जाएगा) यहां तक कि वे अपने महफ़ूज़ स्थान तक पहुंच जाएं और ईलिया में जंग से पहले जो काश्तकार थे यदि उनमें से कोई चाहे कि वह अपनी ज़मीनों पर बैठे रहें तो उन पर भी इलिया वालों की तरह जिज़्या देना होगा और जो रोमियों के साथ जाना चाहता है वह चला जाए और जो अपने घर वालों की तरफ़ लौटना चाहता है तो वह लौट आए, उनसे कुछ जिज़्या नहीं लिया जाएगा यहां तक कि उनकी फसलों की कटाई हो जाए। (अर्थात कि आमद पैदा हो जाएगी तब उनसे जिज़्या (इस्लामी हुकूमत में रहने वाले अन्य धर्मावलम्बियों पर लगने वाला कर जो उनकी जीवन और संपत्ति की सुरक्षा के लिए लिया जाए) होगा) और जो कुछ इस मुआहिदे में है इस पर अल्लाह का अह्द है और उस के रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का ज़िम्मा है और खलिफ़ा का ज़िम्मा है और मोमेनीन का ज़िम्मा है जब तक कि वह जिज़्या अदा करते रहें जो उनके ज़िम्मा है।

इस मुआहिदे पर हज़रत ख़ालिद बिन वलीद रज़ियल्लाहु अन्हु, हज़रत उमर बिन आस रज़ियल्लाहु अन्हु हज़रत अब्दुर्रहमान बिन ओफ रज़ियल्लाहु अन्हु, हज़रत मआविया बिन अबू सुफ़ियान रज़ियल्लाहु अन्हु की गवाही दर्ज थी। (तारीख़ अल् तिब्री भाग 2 पृष्ठ 449 प्रकाशन दारुल क़ुतुब इल्मिया बेरूत 2012 ई.)

तारीख़ इब्न-ए-खुलदून में लिखा है कि इस मुआहिदे से कुछ बातें साबित होती हैं ; नंबर एक यह कि मुस्लमानों ने अपना मज़हब तलवार के ज़ोर से नहीं फैलाया ; दो यह कि उनके अहद-ए-हुकूमत में दूसरे मज़ाहिब वालों को बहुत बड़ी मज़हबी आज़ादी हासिल थी ; तीन यह कि ग़ैर क़ौमों से ज़बरदस्ती जिज़्या नहीं लिया जाता था। उनको क़ियाम करने और जिज़्या देने में इख़तियार हासिल था और दोनों सूरतों में उनको अमन दिया गया था।

(उद्धरित तारीख़ इब्ने खुल्दून भाग 3 हिस्सा अव्वल पृष्ठ 208 दारुल इशात कराची 2009 ई.)

इस सुलह की ख़बर जब रमला वालों को मिली तो वे भी अमीरुल मोमेनीन से इसी किस्म का अनुबंध करने के लिए बेचैन हो गए। यही हाल फिलिस्तीन के दूसरे लोगों का था। लुद् वालों को हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो की तरफ़ से एक पत्र लिखा गया जिसके अधीन वे शहर भी शामिल कर लिए गए जिन्होंने इसके बाद मुस्लमानों की इताअत क़बूल कर ली। इस ख़त में हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने लुद् के लोगों की धन संपत्ति, गिरजा, सलीब, तंदरुस्त, बीमार और समस्त धर्मों को अमान दी और कहा कि यदि वे शाम के शहरों की तरह जिज़्या (इस्लामी हुकूमत में रहने वाले अन्य धर्मावलम्बियों पर लगने वाला कर जो उनकी जीवन और संपत्ति की सुरक्षा के लिए लिया जाए) अदा करेंगे तो उनके मज़हब पर जबर नहीं किया जाएगा और न वीवादित अक़ायद के आधार पर किसी को नुक़्सान पहुंचाया जाएगा। इन समस्त कामों से फ़ारिग़ हो कर अमीरुल मोमेनीन ने फिलिस्तीन पर दो हाकिम निर्धारित फ़रमाए और मुल्क का आधा आधा हिस्सा इन दोनों में बांट दिया। इसलिए अल्-कमा बिन हकीम का मर्कज़ हुकूमत रमला क़रार पाया और अल्-कमा बिन मुजज़्ज़ि का ईलिया। (उद्धरित हज़रत उमर फ़ारूक़ आज़म अज़ मुहम्मद हुसैन हैकल अनुवादक पृष्ठ 373 प्रकाशन इस्लामी पुस्तकख़ाना लाहौर)

हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो बैतुल-मुक़द्दस में तशरीफ़ लाए।

इसके बारे में लिखा है कि जिस समय हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने ईलिया वालों को पनाह और अमान दी और ईलिया में लश्कर को ठहरा दिया तो आप रज़ियल्लाहु अन्हु जाबिया से बैतुल-मुक़द्दस की जानिब चल पड़े। लिखा है कि जब आप रज़ियल्लाहु अन्हु आपने घोड़े पर सवार हुए तो आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने महसूस किया कि आपके घोड़े के पांव में दर्द की वजह से सीधा नहीं चल रहा। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो के लिए एक तुर्की नसल का घोड़ा लाया गया। आप रज़ियल्लाहु अन्हु उस पर सवार हुए तो वह एड़ी करने लगा। आप रज़ियल्लाहु अन्हु उस से उतर आए। फिर हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने चंद रोज़ बाद अपना घोड़ा तलब किया जिस पर आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने सवारी तर्क की हुई थी। उसका ईलाज हो रहा था। फिर आप रज़ियल्लाहु अन्हु उस पर सवार हुए यहां तक कि बैतुल-मुक़द्दस तशरीफ़ ले गए।

(उद्धरित तारीख़ तिब्री अनुवादक सय्यद मुहम्मद इब्राहीम नदवी भाग 2 हिस्सा दोम पृष्ठ 809 दारुल इशात 2003 ई.)

बैतुल-मुक़द्दस क़रीब आया तो हज़रत अबू उबेदा रज़ियल्लाहु अन्हो और फ़ौज के सरदार स्वागत के लिए आए। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो का लिबास और सामान बिल्कुल सादा था। मुस्लमानों ने यह सोच कर कि ईसाई क्या कहेंगे आप रज़ियल्लाहु अन्हु को क़ीमती पोशाक दी लेकिन आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया ख़ुदा ने हम को जो इज़्ज़त दी है वह इस्लाम की इज़्ज़त है और हमारे लिए यही काफ़ी है।

ईसाई पादरियों ने ख़ुद शहर की चाबियाँ हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो के सपुर्द कीं। सबसे पहले हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो मस्जिद अक्सा गए। फिर ईसाइयों के गिरजा में आए और इस को देखते रहे। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने ईसाइयों के गिरजा की सैर की। नमाज़ का समय हुआ तो ईसाइयों ने गिरजे में नमाज़ पढ़ने की इजाज़त दी लेकिन हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने इस ख़्याल से कि आइन्दा नसलें इसको हुज्जत क़रार देकर मसीही इबादतगाहों में दस्त अंदाज़ी न करें बाहर निकल कर नमाज़ पढ़ी।

ईलिया में क़ियाम के दौरान मुस्लमान लश्कर के अमीरों ने हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो की दावतें करना शुरू कर दीं। वे खाना तैयार करते और हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो से दरख़ास्त करते कि उनके ख़ेमा में तशरीफ़ लाएंगे तो हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो उनकी इज़्ज़त-अफ़ज़ाई करते हुए उनकी दावत को क़बूल फ़रमाते जबकि हम हज़रत अबू उबेदा रज़ियल्लाहु अन्हों हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो की ज़याफ़त नहीं की तो हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने हज़रत अबू उबेदा रज़ियल्लाहु अन्हो से फ़रमाया कि तुम्हारे सिवा लश्कर के अमीरों में से कोई ऐसा अमीर नहीं जिसने मेरी दावत नहीं की हो। इस पर हज़रत अबू उबेदा रज़ियल्लाहु अन्हो ने कहा : हे अमीरुल मोमेनीन मैं डरता हूँ कि यदि मैं ने आपकी दावत की तो आप रज़ियल्लाहु अन्हु आपनी आँखों पर क़ाबू नहीं रख सकेंगे अर्थात भावुक हो जाऐंगे। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो उस के बाद उनके ख़ेमा में गए तो क्या देखते हैं कि उस में कुछ भी नहीं है सिवाए हज़रत अबू उबेदा रज़ियल्लाहु अन्हो के घोड़े के नमदे के और वही उनका बिस्तर था और उनकी ज़ीन थी और वही उनका तकिया था। ज़ीन को तकिया बना लेते थे और जो नमदा था ज़ीन के नीचे रखने वाला उसको वह बिस्तर बना लेते थे और उनके ख़ेमे के एक कोने में ख़ुशक रोटी थी। हज़रत अबू उबेदा रज़ियल्लाहु अन्हो उसे लाए और उसे ज़मीन पर हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो के सामने रख दिया। फिर वह नमक और मिट्टी का पियाला लाए जिस में पानी था। जब हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने यह मंज़र देखा तो आप रज़ियल्लाहु अन्हु रो पड़े। फिर हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने अबू उबेदा रज़ियल्लाहु अन्हो को अपने साथ चिमटा लिया और फ़रमाया तुम मेरे भाई हो।

और मेरे साथियों में से कोई एक भी नहीं परन्तु उसने दुनिया से कुछ हासिल किया और दुनिया ने भी उस से कुछ हासिल किया हो सिवाए तुम्हारे। इस पर अबू उबेदा रज़ियल्लाहु अन्हो ने अर्ज़ किया कि क्या मैंने आप रज़ियल्लाहु अन्हु की ख़िदमत में पहले अर्ज़ नहीं कर दिया था कि आप रज़ियल्लाहु अन्हु मेरे पास अपनी आँखों पर क़ाबू नहीं रख सकेंगे।

इसके बाद फिर हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो बाहर निकल के लोगों में खड़े हुए और अल्लाह तआला की प्रशंसा वर्णन की जिसका वह हक़दार है और नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम पर दुरूद भेजने के बाद फ़रमाया। हे इस्लाम वालों नि संदेह अल्लाह ने तुमसे अपना वादा सच्चा कर दिखाया है और उसने दुश्मनों के ख़िलाफ़ तुम्हारी मदद की है और तुम्हें इन देशों का वारिस बना दिया है और तुम्हें ज़मीन में गौरव प्रदान किया है। अत: तुम्हें अपने रब की नेअमतों पर शुक्र बजा लाना चाहिए। तुम लोग ना-फ़रमानी वाले कामों से दूर रहो क्योंकि ना-फ़रमानी वाले काम नेअमतों की नाशुक्री है और बहुत कम ऐसा हुआ है कि अल्लाह किसी क़ौम पर इनाम करे और वे नाशुक्री करें। फिर वे जल्द तौबा न करें परन्तु ज़रूर उनकी इज़्ज़त खत्म कर ली जाती है। अर्थात यदि नाशुक्री करने के बाद तौबा नहीं करते तो फिर उनका सम्मान नष्ट हो जाता हैं, ख़त्म हो जाती हैं। उनके इनामात वापस हो जाते हैं और उन पर उनके दुश्मनों को मुसल्लत कर दिया जाता है। क्योंकि ईलिया में अक्सर अफ़सरान-ए-फ़ौज और अमाल जमा हो गए थे इसलिए हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने कई दिन तक क़ियाम किया और ज़रूरी अहकाम जारी किए।

एक दिन हज़रत बिलाल रज़ियल्लाहु अन्हो ने आकर शिकायत की कि हे अमीरुल मोमेनीन हमारे अफ़सर परिंदे का गोश्त और मैदे की रोटियाँ खाते हैं लेकिन आम मुस्लमानों को मामूली खाना भी नसीब नहीं होता। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने अफ्सरान से इस के सम्बन्ध में दरयाफ़त किया तो उन्होंने अर्ज़ किया कि समस्त चीज़ें यहां बहुत सस्ती हैं। जितनी क़ीमत पर हिजाज़ में रोटी और खजूर मिलती है यहां इसी क़ीमत पर परिंदे का गोश्त और मैदा मिलता है। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने अफ्सरान को भी मजबूर नहीं किया कि तुमने यह नहीं खाना परन्तु इस बात का हुक्म दे दिया कि माल-ए-ग़नीमत और तनख़्वाह के अतिरिक्त हर सिपाही का खाना भी निर्धारित कर दिया जाए। तनख़्वाह के अतिरिक्त उनको खाना भी दिया जाए जो सिपाही हैं। इस की मज़ीद तफ़सील एक जगह यूं वर्णन हुई है कि हज़रत यज़ीद बिन अबू सुफियान रज़ियल्लाहु अन्हो कहने लगे कि हमारे शहरों का नर्ख़ सस्ता है। इसी क़ीमत में जिस में हम लोग एक मुद्दत तक गुज़ारा कर सकते हैं ये चीज़ें जिसे हज़रत बिलाल रज़ियल्लाहु अन्हो वर्णन कर रहे हैं मिल जाती हैं। हज़रत उमर फ़ारूक रज़ियल्लाहु अन्हो ने फ़रमाया यदि ये बात है तो ख़ूब मज़े से पेट भर कर खाओ। मैं उस समय तक यहां से वापस नहीं जाऊँगा यहां तक कि तुम मेरे सामने चीज़ों की और क़ीमतों की फ़हरिस्त पेश ने कर दो। मैं शहरों और देहातों में रहने वाले कमज़ोर मुस्लमानों के लिए बजट लिख कर देता हूँ। फिर जिस मुस्लमान को जितनी ज़रूरत होगी उस बजट में से हर घर के लिए गंदुम और जो और शहद और ज़ैतून इत्यादि अदा कर दिया करो। फिर आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने इन कमज़ोर और कम सरमाया-दार मुस्लमानों से सम्बोधित हो कर फ़रमाया : मैंने तुम्हारे लिए जो फ़हरिस्त तैयार की है तुम्हारे सरदार तुम्हें ये सब कुछ दिया करेंगे और ये सब कुछ इसके अतिरिक्त होगा जो मैं बैतुल माल से तुम्हारे लिए भेजा करूँगा। यदि कोई सरदार तुम्हें ये चीज़ें नहीं दे तो मुझे सूचना देना। फिर मैं तुरंत ही उसे माज़ूल कर दूँगा। ईलिया में क़ियाम के दौरान एक दफ़ा नमाज़ का समय हुआ तो लोगों ने हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो से इसरार किया कि वह हज़रत बिलाल रज़ियल्लाहु अन्हु को अज़ान देने का हुक्म दें।

हज़रत बिलाल रज़ियल्लाहु अन्हो ने कहा मैं अज़म कर चुका था कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के बाद किसी के लिए अज़ान नहीं दूँगा लेकिन आप रज़ियल्लाहु अन्हु का इरशाद बजा लाऊँगा। इसलिए हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो के हुक्म पर हज़रत बिलाल रज़ियल्लाहु अन्हो ने जब अज़ान दी तो समस्त सहाबा को रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम का ज़माना याद आ गया और उन पर इतनी रिक़्क़त तारी हुई कि वह रोते-रोते बेताब हो गए। हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो भी इतने बेताब हुए कि हिचकी बंध गई और देर तक इस का प्रभाव रहा। बैतुल-मुक़द्दस से वापसी के समय हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो ने समस्त मुल्क का दौरा किया और सरहदों का मुआइना करके मुल्क की हिफ़ाज़त का इंतिज़ाम किया।

(उद्धरित अल् फ़ारूक़ अज़ शिबली पृष्ठ 125-126 इदारा इस्लामियात कराची 2004 ई.) (फ़ुतूह अलशामि अनुवादक भाग 2 पृष्ठ 224 मकतबा आला हज़रत दरबार मार्कीट लाहौर, सितंबर 2008 ई.) (ख़ुलफ़ाए राशिदीन पृष्ठ 126-127 मकतबा रहमान लाहौर)(الاكتفاء بما تضمنه من مغازى رسول الله ﷺ والثلاثة الخلفاء भाग 2 हिस्सा प्रथम पृष्ठ 295- 296 आलेमुल क़ुतुब बेरूत 1997 ई.)

"बैतुल-मुक़द्दस तशरीफ़ लाने से हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो का जो उद्देश्य था वह पूरा हो गया। इसलिए जिस रस्ते से आप रज़ियल्लाहु अन्हु तशरीफ़ लाए थे उसी रस्ते से मदीना वापस हो गए। जाबिया पहुंच कर फ़ारूक़ आज़म रज़ियल्लाहु अन्हो "हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो" ने कुछ दिन क़ियाम फ़रमाया और इसके बाद अपने घोड़े पर रवाना हो गए। अमीरुल मौमेनीन रज़ियल्लाहु अन्हो ने फिलिस्तीन में जो काम किए थे उनकी सूचना हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हो और दूसरे मुस्लमानों को मिल चुकी थी। इसलिए मदीने के बाहर उन्होंने आप रज़ियल्लाहु अन्हु का शानदार स्वागत किया।"

(हज़रत उमर फ़ारूक़ आज़म अज़ मुहम्मद हुसैन हैकल अनुवादक पृष्ठ 382 प्रकाशन इस्लामी पुस्तकों ख़ाना लाहौर)

हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो मस्जिद नब्वी में दाख़िल हुए और मिंबर के पास दो रकात नमाज़ अदा की फिर मिंबर पर चढ़े और लोग आपके इर्द-गिर्द जमा हो गए। आप रज़ियल्लाहु अन्हु खड़े हुए और अल्लाह तआला की प्रशंसा वर्णन की और नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम पर दुरूद भेजने के बाद फ़रमाया। हे लोगो! यक़ीनन अल्लाह ने इस उम्मत पर एहसानात किए हैं ता कि वे लोग

उसकी प्रशंसा वर्णन करें और उस का शुक्र अदा करें। अल्लाह ने इस उम्मत के संदेश को इज़्ज़त दी और उनको मुत्तहिद कर दिया और उनकी फ़तह ज़ाहिर की और दुश्मनों के ख़िलाफ़ उनकी मदद की और उसे इज़्ज़त बख़शी और उसे ज़मीन में गौरव प्रदान किया और उसे मुशरेकीन के इलाक़ों और उनके घरों और उनके अम्वाल का वारिस बना दिया। अत: हर वक़त अल्लाह तआला का शुक्र अदा करते रहो वे तुम्हें और अत्याधिकत अता करेगा और उन नेअमतों पर अल्लाह की हमद वर्णन करो जो उसने तुम पर नाज़िल की हैं। वह हमेशा उन नेअमतों को तुम पर क़ायम रखेगा। अल्लाह हमें और तुम्हें शुक्रगुज़ारों में से बना दे। इसके बाद हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो मिंबर से नीचे उतर गए।

(अल इक्तेफ़ा बिमा तज़मिना मिन मगाज़ी रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम भाग 2, हिस्सा प्रथम पृष्ठ 305-306 आलेमुल क़ुतुब बेरूत 1997 ई.)

हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह रज़ियल्लाहु अन्हो वर्णन फ़रमाते हैं कि "यरोशलम के घेराव में पादरियों ने कहा तुम्हारा ख़लीफ़ा आवे तो उसे हम दख़ल दे दें'' दख़ल दे देंगे "हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो इसी सादगी में रवाना हुए। ग़ुलाम के साथ बारी बारी ऊंट पर चढ़ते आते थे। अबू उबेदा रज़ियल्लाहु अन्हो ने अर्ज़ किया आप कपड़े बदल लें। घोड़े पर सवार हूँ। आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने ये अर्ज़ मान ली परन्तु थोड़ी दूर जा कर घोड़े से उतर बैठे। कहा मेरा वही लिबास और ऊंट लाओ। आप जब गए तो बत्रीक़ इत्यादि ने रोब में आकर चाबियाँ फेंक दें। कहा इस सिपहसालार का मुक़ाबला हम नहीं कर सकते।''

(हकायकुल फुर्कान भाग 2 पृष्ठ 174) अपने रंग में हज़रत ख़लीफ़ातुल मसीह प्रथम रज़ियल्लाहु अन्हु ने वर्णन किया है।

हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु इस बारे में वर्णन फ़रमाते हैं कि "यरोशलम में एक मस्जिद है वह स्थान यहूदियों के लिए ऐसा ही मुतबर्रिक है जैसा हमारे लिए ख़ाना काअबा। मुस्लमानों के ज़माना में जब यरोशलम फ़तह हुआ तो ईसाइयों ने चाहा कि हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हो इस स्थान के अंदर आकर नमाज़ पढ़ें परन्तु फ़रमाया : मैं डरता हूँ कि यदि मैंने अंदर नमाज़ पढ़ी तो मुस्लमान उस जगह को अपनी इबादत-गाह बना लेंगे और आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने बाहर नमाज़ पढ़ी।"

(ख़ुत्बाते महमूद भाग 11 पृष्ठ 437 ख़ुतबा जुम्मा फ़र्मूदा 27 जुलाई 1928 स्थान डलहौज़ी)

